Amity University
Uttar Pradesh

Savita Mehta
Vice President, Communications

Amity University Campus
Block E-II, 2nd Floor
Sector – 125, Noida
Ph: 0120 - 4392620
Fax: 0120-4392622

प्रेस विज्ञप्ति
सितंबर 30,2016

एमिटी में मानव संसाधन सभा 2016 का आयोजन

एमिटी इंस्टीट्यूट ऑफ टेलीकॉम इंजिनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी द्वारा आज एमिटी विश्वविद्यालय सैक्टर 125 नोएडा में मानव संसाधन सभा 2016 का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी का शुभारंभ टाटा कम्युनिकेशन के वैश्विक उद्यम व्यापार के वाइस प्रेसीडेंट- रणनीती और विपणन श्री अमित सिन्हा, ह्यूजेस कम्युनिकेशन इंडिया लिमिटेड के निदेशिका - मानव संसाधन सुश्री अलका गुलाटी, आइडिया सेल्युलर लिमिटेड (यूपी पश्चमी एंव उत्तरांचल) क वाइस प्रेसीडेंट - मानव संसाधन श्री मलय चतुर्वेदी, पीडब्लूसी के एसोसिएट डायरेक्टर - ह्यूमन केपीटल श्री वरूण भास्कर, लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के हेड - टैलेंट एक्वीजेशन श्री सचिन शर्मा, स्टरलाइट टैक्नोलॉजी लिमिटेड के प्रमुख - मानव संसाधन श्री विकास सिंह, नोकिया के ग्लोबल सेल्स सर्पोट के प्रमुख -मानव संसाधन श्री जॉन जेम्स एंव एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप डिप्टी वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट पी डी भार्गव ने पांरपरिक दीप जलाकर किया।

नोकिया के ग्लोबल सेल्स सर्पोट के प्रमुख -मानव संसाधन श्री जॉन जेम्स ने छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि काम को केवल सुख एंव धन के तरीके से न देखे उसे जिम्मेदारी समझे। जब कभी भी हम किसी का बायोडाटा देखते है तो उम्मीद करते है कि जो उसे लिखा है आप वह साबित कर के दिखाए, किसी अन्य के बायोडाटा की नकल न करे बल्कि उसे स्वंय बनाए। मेरे अनुसार नौकरी के उम्मीदवार में टीम में काम करने की

क्षमता होनी चाहिए साथ ही खुद को अच्छे टीम का सदस्य साबित करना आना भी चाहिए। साथ ही निर्णय लेने की भी क्षमता होनी चाहिए। संचार किसी भी प्रकार का हो चाहे लिख कर या बोलकर दोनो ही आज की सफलता के लिए अहम है। आराम की जिंदगी को त्याग कर मेहनत का रास्ता अपनाए।

लावा इंटरनेशनल लिमिटेड के हेड - टैलेंट एक्वीजेशन श्री सचिन शर्मा ने कहा कि कार्यालय का संस्कृतिक सबंध एक अहम पात्र है। समय तेजी से बदल रहा है और जरूरी है कि अनुकूलनशीलता आप सभी में हो। मानव संसाधन का काम सिर्फ लोगो को नौकरी प्रदान करना नहीं है उसके साथ साथ लोगों की मद्द करना भी है। पैसे की पीछे भागने से ज्यादा लर्न एंड अर्न को समझे। आने वाले समय में दूरसांच एंव विनिर्माण क्षेत्र तेजी से आगे बढ़ेगे। श्री सचिन ने छात्रो को सलाह दी की कभी शॉट कट के रास्ते को न अपनाए।

स्टरलाइट टैक्नोलॉजी लिमिटेड के प्रमुख - मानव संसाधन श्री विकास सिंह ने कहा कि मुल एंव बुनियादी दोनो ही किसी भी क्षेत्र के अक्सर समान होते है। उद्योग में जाने से पहले जब तक आप सभी पढ़ रहे है तब तक आप जितना हो सके पढ़े क्योकि सीखने की प्रक्रिया कभी नहीं रूकनी नहीं चाहिए। व्यजंक एक ऐसा हिस्सा है जिसमें संचार एंव प्रदर्शन दोनो शामिल होते है। जिस किसी भी व्यक्ति में प्रबंध क्षमता होगी वह समय के बलाव को सही प्रकार से समझ सकते है और साथ ही दूसरों की भी समझा सकते है। कार्य को करने के लिए पहले कार्य को सही तरीके से समझना चाहिए। नेटवर्किंग के कारण आप उद्योग से जुड़ रहेगे जिससे आपको बहुत लाभ होगा। उन्होने छात्रो को यह सलाह दी की किसी के काम में दखल न दे, न ही आप पस में प्रतियोगिता पर भी ध्यान न दे करना है फोकस केवल अपने काम पर दे।

आइडिया सेल्युलर लिमिटेड (यूपी पश्चमी एंव उत्तरांचल) क वाइस प्रेसीडेंट - मानव संसाधन श्री मलय चतुर्वेदी, ने कहा कि प्रणाली में तेजी से समय बदल रहा है और जो वयक्ति को इस बदलाव को लाने में सहयोग देना चाहता है वहीं मानव संसाधन में अपना

व्यवसाय बना सकता है। मानव संसाधन एक तेजी से बदलने वाला उद्योग है ऐसे में बदलाव को समझना और अपनाना अहम मुद्दा है। किसी भी उद्योग में सभी आयु वर्ग के लोग होते है ऐसे में जरूरी की सभी को उस बदलाब के लिए तैयार किया जाए।

एमिटी विश्वविद्यालय के ग्रुप डिप्टी वाइस चांसलर लेफ्टिनेंट पी डी भार्गव कहा कि मानव संसाधन किसी भी उद्योग में अहम भूमिका निभाता है। एक प्रशासनिक दृष्टिकोण से देखा जाए तो आज का फोकस है किस प्रकार प्रतिभावान मानव संसाधन के पेशेवर कार्यशाला के वातावरण को और अधिक बेहतर बना सकें। हमें याद रखना चाहिए कि भारत का कार्य बल एंव औद्योगिक माहौल तेजी से बदल रहा है और यहही अहम कारण है कि इस मंच के माध्यम से बदलाव को समझे और छात्र इस बदलाव का हिस्सा बने।

इस अवसर पर एमिटी विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एंव छात्रगण उपस्थित थे।

अधिक जानकारी के लिए संपर्क करे आंकक्षा सहगल 9582329471